नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 264 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, मंगलवार 2 अगस्त 2022



जब शहर हमारा सोता है.. ने लूटी वाह-वाही पेज -3 पर



हिंदू सेना ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा पेज -4 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

# छत्तीसगढ़ में 3 स्थानों के नाम बदले गए

## चंदखुरी, गिरौदपुरी और सोनाखान का नाम बदल गया, सीएम बघेल ने जारी किए निर्देश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के चंदखुरी, गिरौदपुरी और सोनाखान का नाम बदल दिया गया है। इसका ऐलान खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कर दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अब नए नामों से राजपत्र का प्रकाशन किया जाएगा। दरअसल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों की मांग पर ये बड़ा फैसला छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया है।



अब नए शहरों का नाम वहां की पहचान से जोड़े गए हैं। चंदखुरी का नाम माता कौशल्याधाम चंदखुरी होगा। यहां विश्व का एकमात्र कौशल्या मंदिर है। चंदखुरी श्रीराम वनपथ गमन पर्यटन परिपथ में भी शामिल है। बाबा गुरु घासीदास धाम गिरौदपुरी के नाम से अब गिरौदपुरी को जाना जाएगा। सतनाम पंथ के अनुयायियों की आस्था का बड़ा केन्द्र गिरौदपुरी है। शहीद वीरनारायण सिंह धाम सोनाखान के नाम से सोनाखान जाना जाएगा। 1857 की क्रांति में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह की जन्मस्थली सोनाखान ही है।

### इस वजह से बदले नाम

छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले गांवों का नाम बदलने का एक नया ट्रेंड शुरू होता दिख रहा है। कांग्रेस विधायकों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर गिरौदपुरी और सोनाखान का नाम बदलने की मांग की थी। इससे पहले कांग्रेस नेता चंदखुरी के नाम में माता कौशल्या धाम जोड़ने की मांग उठा चुके हैं।

बताया जा रहा है, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय की अगुवाई में कुछ खास विधायकों का एक दल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिला। इन विधायकों ने मुख्यमंत्री को दो ज्ञापन सौंपे थे। इसमें एक के जरिए गिरौदपुरी के नाम में संत बाबा गुरु घासीदास धाम जोड़ने की मांग की गई। दूसरे ज्ञापन में सोनाखान के साथ शहीद वीर नारायण सिंह धाम जोड़ने का आग्रह किया गया था। चंद्रदेव राय का कहना था, गिरौदपुरी गुरु घासीदास जी की जन्मस्थली है। यह सतनामी समाज की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। हर साल यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

समाज की यह लंबे समय से मांग रही कि इसका नाम संत बाबा गुरु घासीदास धाम गिरौदपुरी कर दिया जाए। ऐसा होने से देश-प्रदेश में इसकी ख्याति एक पवित्र धाम के रूप में होगी। वहीं 1857 की क्रांति में छत्तीसगढ़ के पहले शहीद वीर नारायण सिंह का जन्म सोनाखान में हुआ था। उनके जन्म स्थान को शहीद वीर नारायण सिंह धाम सोनाखान किया जाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने विधायकों की मांग पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। यह मांग उठाने वालों में विधायक बृहस्पत सिंह, गुलाब कमरो, यूडी मिंज, गुरुदयाल सिंह बंजारे और विनय जायसवाल भी शामिल थे।



# मुख्यमंत्री ने बालगंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर किया नमन

### मुख्यमंत्री ने कहा कि तिलक ने सबसे पहले पूर्ण स्वराज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिंतक एवं प्रमुख समाज सुधारक श्री बालगंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री तिलक ने सबसे पहले पूर्ण स्वराज की मांग उठाई। उन्होंने 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार हैं' का प्रेरणादायक उद्घोष किया। इससे जन-जन में देश की स्वतंत्रता के प्रति जागरूकता का संचार हुआ। जनता को देश प्रेम एवं अन्याय के विरूद्ध संगठित करने के लिए उन्होंने सार्वजनिक गणेश उत्सव और शिवाजी उत्सव की शुरूआत की। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनका यह योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

## एक नजर

### हत्या के इरादे से युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर ।** एमएमआई अस्पताल के पास दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभम पांडे 22 वर्ष अपने दोस्त रवि पाल के साथ कल रात एमएमआई अस्पताल के पास स्थित सोनू पान ठेला के सामने खड़ा था, तभी आरोपी शनि पांडे व रूपेश ने रवि पाल से विवाद कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर आपस में भिड़े

**रायपुर।** बीएसयूपी कालोनी कचना में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी गौतम सिंद्रे 19 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी राज निहाल, बबलू नायक एवं निकेश जगत ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी राज निहाल 18 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी गौतम एवं कौशल नायक ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

# सरकारी कर्मचारी 22 अगस्त से हड़ताल पर

### सरकारी आदेश के खिलाफ नाराजगी, आदेश की प्रतियां जलाईं; इस बार टीचरों ने हाथ पीछे खींचे

रायपुर। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने 22 अगस्त से एक बार फिर से आंदोलन का ऐलान कर दिया है। बीते 25 से 29 जुलाई तक कर्मचारियों ने हड़ताल कर रखी थी।



इसके बाद प्रशासनिक आदेश जारी हुआ कहा गया कि कर्मचारियों की हड़ताल का रवैया अनुशासनहीनता है, हड़ताल के दिनों का वेतन नहीं मिलेगा। इस आदेश से कर्मचारी संगठन बौखला गए हैं। अब एक बार फिर हड़ताल करने का ऐलान कर दिया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष अजय तिवारी और संरक्षक विजय कुमार झा ने बताया कि ये कर्मचारियों के जले पर नमक छिड़कने की तरह है। एक तो महंगाई भत्ता और भाड़ा भत्ता नहीं दिया जा रहा, ऊपर से कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया। कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने इस आदेश के विरोध में एक बैठक की और फिर आदेश की प्रतियां जलाकर आंदोलन का ऐलान कर दिया।



छत्तीसगढ़ के शिक्षक संगठनों का 22 अगस्त से शुरू हो रहे आंदोलन को समर्थन नहीं है। 29 जुलाई को कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के बाद भी कई शिक्षक संगठनों ने अपनी हड़ताल जारी रखी थी। शिक्षकों के संघ इसे अनिश्चितकालीन बता रहे थे। एक चर्चा ये भी थी कि अन्य कर्मचारी संगठन 1 अगस्त से फिर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, मगर अब तय हुआ है कि अन्य कर्मचारियों की हड़ताल 22 अगस्त से होगी। इन हालातों की वजह से शिक्षकों ने अपने जारी आंदोलन को स्थगित कर दिया है।अब सोमवार से शिक्षक काम पर जाएंगे।

# बेटे की मौत, सदमे में मां ने दम तोड़ा

### बुखार आ रहा था, लेकिन मुंह से झाग निकलने से मामला संदिग्ध; पिता को पीलिया, रेफर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद में बीमारी के चलते 14 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। इसका पता बच्चे की मां को लगा तो सदमे में उन्होंने भी दम तोड़ दिया। बच्चे को बुखार बताया जा रहा है, लेकिन मुंह से झाग निकलने के कारण मामला संदिग्ध है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारण पता चल सकेगा। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को बच्चे के पिता को पीलिया बताया है। इसके बाद उन्हें राजनांदगांव रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सरेखा निवासी अशोक का 14 साल का बेटा आर्यन 9वीं क्लास में पढ़ता था। कुछ दिनों से उसकी तबीयत खराब थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे बच्चे की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद देर शाम मां नीरा बाई (38) की भी सदमे से हालत बिगड़ गई। इस पर उन्हें गुंडरदेही अस्पताल ले? जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।



### पिता राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर

स्वास्थ्य विभाग व ग्रामीणों? के अनुसार, आर्यन को बुखार आने की शिकायत थी?, लेकिन मुंह से झाग निकल रहा था। ऐसे में उसकी मौत संदेहास्पद है। फिलहाल शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद मां और बेटे के शव का एक साथ अंतिम? संस्कार गांव में किया गया। आर्यन के पिता अशोक को? पीलिया होने की पुष्टि रविवार? को स्वास्थ्य विभाग ने की है। सुरक्षा? के लिहाज से गुंडरदेही से मेडिकल? कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया? है। गुंडरदेही? BMO डॉ. रेणुका प्रसन्नो ने बताया? कि बच्चे की मौत घर में हो गई थी,? उनकी मां की मौत सदमे में गुंडरदेही? लाने के दौरान हुई। बच्चे के मुंह से? झाग निकल रहा था। ऐसे में मौत की? वजह अभी स्पष्ट नहीं है।

# गर्लफ्रेंड ने ब्लैकमेल कर वसूले 2 लाख रुपए

### बॉयफ्रेंड के खिलाफ दर्ज कराई यौन शोषण की झूठी एफआईआर; केस वापस लेने के नाम पर लिए रुपए

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में बॉयफ्रेंड से झगड़ा हुआ तो लड़की ने अपने उसको ही ब्लैकमेल कर 2 लाख रुपए वसूल लिए। युवती ने लड़के खिलाफ यौन शोषण की झूठी स्न्ङ्खक्र दर्ज करा दी। फिर उसे वापस लेने के लिए रुपए ले लिए। इसके बाद फिर थाने में शिकायत करने के नाम पर एक लाख रुपए और मांगने लगी। इस बार युवक ने मोबाइल पर सब रिकार्ड कर लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है।



रामपुर चौकी क्षेत्र निवासी इंदु उर्फ इंदिरा चंद्रा का मुकेश महतो के साथ प्रेम प्रसंग था। कुछ समय बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और बातचीत बंद हो गई।

# सचिव राज्य सूचना आयोग देहारी को सेवा निवृत्ति पर दी गई बिदाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के सूचना सचिव श्री आई आर देहारी को आयोग में कल सेवा निवृत्ति पर सादे समारोह में बिदाई दी गई। मुख्य सूचना आयुक्त श्री एम. के. राउत ने इस अवसर पर कहा कि सचिव राज्य सूचना आयोग श्री देहारी आयोग में संसाधनों की कमी के बाद भी कुशलता से कार्य सम्पादित किए। उन्होंने कहा कि यद्यपि श्री देहारी प्रशासनिक क्षेत्र से होने के नाते व्यावहारिक ज्ञान के मामले में सम्पन्न थे। उनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा और कार्य की प्रकृति को समझकर उसे गतिशीलता देने प्रयासरत रहते थे। उनके सुखद भविष्य की कामना के साथ आज उनकों आयोग से बिदाई दी जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री देहारी जहां भी रहे स्वस्थ रहें और अपने को सार्वजनिक जीवन में सतत लगाए रखे। राज्य सूचना आयुक्त श्री अशोक अग्रवाल ने कहा कि श्री देहारी का व्यवहार सरल, सौम्य था। श्री देहारी आयोग में लगभग 3 वर्ष का साथ रहा, जो महत्वपूर्ण था।



जब कोई छोड़कर जाने लगता है तो उसके साथ बिताएं सारे लम्हें हमें याद आने लगते हैं। बहुत सारे

# शिवनाथ से जल लेकर देव बालोद में जलाभिषेक

### दुर्ग में निकली भव्य कांवड़ यात्रा, इस बार बड़ी संख्या में महिलाएं भी हुई शामिल

**भिलाई।** हर साल की तरह इस बार भी विधायक देवेंद्र यादव के साथ बड़ी संख्या में कांवड़िया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने निकले। हनुमान सेवा वाहिनी समिति के नेतृत्व में ये कांवड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा का नेतृत्व विधायक देवेंद्र यादव और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने किया। वह लोग दुर्ग के शिवनाथ नदी से कावड़ में जल लेकर पैदल मार्ग से निकले। यहां से 27 किलोमीटर पैदल चलकर सभी लोग देव बलौदा पहुंचे। यहां भगवान शिव के प्राचीन मंदिर में शाम को जलाभिषेक किया गया। विधायक यादव ने कहा कि हनुमान सेवा वाहिनी के नेतृत्व हर साल कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। इसके बाद भगवान शिव का जलाभिषेक करके दुर्ग भिलाई और पूरे छत्तीसगढ़ व देश की खुशहाली की कामना की जाती है।



**सियासत...** नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक बोले-अभी हमारे पास कोई मुद्दा नहीं

# विधानसभा चुनाव में किसको टिकट मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में साल 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस चुनाव में भाजपा नए चेहरों पर दांव लगाएगी इस पर नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता धरमलाल कौशिक ने मुहल लगा दी है।



उन्होंने कहा कि बीजेपी से आने वाले चुनाव में किसे टिकट मिलेगा इस बात की कोई गारंटी नहीं है। इससे साफ मायने है कि हारे हुए तो दूर जो भाजपा के सिटिंग विधायक हैं उनकी टिकट भी पक्की नहीं है।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक भाजपा नेता दया सिंह के आमंत्रण पर सावन सोमवार के मौके पर भिलाई पहुंचे थे। उन्होंने पावर हाउस स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। इस दौरान उनका परिवार भी साथ था। उन्होंने राज्य और देश की खुशहाली के लिए भगवान शंकर से कामना की।

विधानसभा चुनाव 2023 में विधायक के टिकट को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी चुनाव दूर है। टिकट किसे मिलेगा किसे नहीं, इस बात की कोई गारंटी नहीं। यह संसदीय बोर्ड के द्वारा तय किया जाएगा। उसी समय पता चल जाएगा किसे टिकट मिल रही है किसे नहीं। सिटिंग विधायकों को टिकट मिलेगी की नहीं इसको लेकर भी उन्होंने कहा कि अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष के बयान से ये साफ हो गया है कि इस बार भाजपा के सिटिंग विधायकों को भी टिकट मिलेगी की नहीं यह तक तय नहीं है।

भाजपा विधानसभा में किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अभी चुनाव दूर है। अभी कोई मुद्दा उनके पास नहीं है। मुद्दा तय किया जाएगा। जब तय हो जाएगा तो इसकी जानकरी दी जाएगी।

### किसानों को मदद नहीं मिल रही

*धरमलाल कौशिक ने कहा उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में काफी कम बारिश हुई है। यहां के किसानों को खाद चाहिए और सूखे से निपटने के लिए मदद चाहिए। कांग्रेस में संवादहीनता के चलते किसानों मदद नहीं मिल पा रही है। मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस विषय में पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को अवगत कराया।*

# पूरा का पूरा ट्रक लूट लिया

### कंडक्टर ने ड्राइवर के गले पर चलाया चाकू, ट्रक लेकर भागा; मगर रास्ता भटका और पकड़ा गया

**रायपुर।** रायपुर में पुलिस ने एक कंडक्टर को गिरफ्तार किया है। इसने अपने ट्रक ड्राइवर की जान लेने की कोशिश की। खतरनाक तरीके से हमला करते हुए कंडक्टर ने ट्रक ड्राइवर का गला रेत दिया, चेहरे और जिस्म पर कई बार चाकू से वार किए।




बदमाश यहीं नहीं रुका, बुरी तरह से पीटते हुए ट्रक के ड्राइवर को उसने ट्रक से नीचे गिरा दिया और इसके बाद ट्रक लूट कर भाग गया। काफी देर तक वह सड़क पर ट्रक दौड़ाता रहा। पुलिस की टीम ने उसे ट्रेस कर लिया और अब हमलावर कंडक्टर पुलिस की गिरफ्त में है।

मामला रायपुर के अभनपुर इलाके का है। संतोष बघेल नाम का ड्राइवर जगदलपुर से लोहा और गिट्टी लेकर रायपुर आ रहा था। रास्ते में इसे कंडक्टर का काम करने वाला नरेश वर्मा मिला। बलौदाबाजार का रहने वाला नरेश वर्मा रास्ते में संतोष से घुल मिल गया और कंडक्टर की तरह रायपुर आने को राजी हो गया।

नरेश वर्मा ने पहले से ही ट्रक को लूटने की प्लानिंग कर रखी थी। लिहाजा शॉर्टकट का बहाना करते हुए उसने संतोष का रास्ता भटका दिया, रायपुर आने की बजाय वह उसे गरियाबंद लेकर चला गया। उसके बाद वहां से अभनपुर पहुंचा और यही ट्रक में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से संतोष पर हमला कर दिया और ट्रक लेकर भाग गया। सड़क पर लहूलुहान पड़े ड्राइवर संतोष की कुछ लोगों ने मदद की और मामला पुलिस के पास पहुंचा।

